सफलता पूर्वक प्रकाशन के 24 वर्ष पूर्ण
हिन्दी दैनिक
यूनाइटेड भारत
लखनऊ एवं प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित

Ref : UBP/0118/2025-26

Date: 02-02-2026

**सेवा में,**

**प्रो० शैलेन्द्र कुमार चतुर्वेदी**
**माननीय कुलपति**
**वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय,**
**आरा (बिहार)**

**विषयः “यूनाइटेड भारत”** के **रजत जयंती** वर्ष (स्थापना दिवस) पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में अपनी गरिमामयी उपस्थिति प्रदान करने के संबंध में।

**महोदय,**

सविनय निवेदन है कि प्रयागराज, लखनऊ एवं नई दिल्ली से प्रकाशित प्रतिष्ठित हिंदी दैनिक **“यूनाइटेड भारत”** का प्रयागराज संस्करण **13 फरवरी 2026** को अपने निरंतर प्रकाशन के **25 वर्ष पूर्ण** कर **26वें वर्ष** में प्रवेश करने जा रहा है। इस रजत जयंती वर्ष (स्थापना दिवस) के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष समारोह में आपकी **विशिष्ठ अतिथि** के रूप में उपस्थिति हमारे लिए अत्यंत गौरव एवं प्रेरणा का विषय होगी।

समारोह में यूनाइटेड भारत मीडिया समूह से जुड़े सदस्य, देश–प्रदेश के सम्मानित पत्रकार साथियों तथा प्रयागराज से जुड़े सम्मानित गणमान्यजनों की उपस्थिति प्रस्तावित है। समारोह के अंतर्गत आपके कर–कमलों द्वारा अतिथियों को सम्मान प्रदान करने का कार्यक्रम भी संयोजित किया गया है। **उपरोक्त समारोह में महामहिम राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश श्री शिव प्रताप शुक्ल जी, श्री गोवर्धन भाई झड़पिया जी (प्रदेश उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी, गुजरात), उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य जी एवं उपमुख्यमंत्री श्री ब्रजेश पाठक जी का गरिमामयी आगमन प्रस्तावित है।** आपकी गरिमामयी एवं प्रेरणास्पद उपस्थिति इस आयोजन की शोभा एवं महत्व को अभिवृद्धि प्रदान करेगी।

अतः आपसे विनीत अनुरोध है कि कृपया अपने अतिमूल्यवान समय में से कुछ समय प्रदान करते हुए यूनाइटेड भारत समाचार पत्र के रजत जयंती स्थापना दिवस समारोह में विशिष्ठ अतिथि के रूप में पधारकर हमें अनुग्रहित करें। यूनाइटेड भारत परिवार आपके मार्गदर्शन का सदैव कृतज्ञ रहेगा।

**भवदीय,**

For Daily United Bharat
**(भास्कर दुबे)**
**संपादक**
Editor

**कार्यक्रम विवरणः**

**दिनांकः** 13 फरवरी 2026 (शुक्रवार)

**समय :** दोपहर 03:00 बजे से

**स्थानः** इलाहाबाद मेडिकल एसोसिएशन कन्वेंशन सेंटर, 29-स्टेनली रोड, प्रयागराज-211002 (उ०प्र०)

**संपर्कः** 9956311666, 9389511666